# पटना–पूर्णिया एक्सप्रेसवे से पटना की संपर्कता उत्तरी रिंग रोड से

## वैशाली के मीरनगर से पूर्णिया तक के एलायनमेंट को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस वे के एलायनमेंट को हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी मंजूरी प्रदान की। इस एलायनमेंट में अभी पटना का हिस्सा शामिल नहीं है। वैशाली के मीरनगर से पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस वे को पूर्णिया पहुंचाया जा रहा। इस एक्सप्रेस वे को पटना की संपर्कता दिए जाने को ले वैशाली के मीरनगर से पटना रिंग रोड के उत्तरी हिस्से को जोड़ा जाएगा। यह दिघवारा–शेरपुर पुल के माध्यम से रिंग रोड में जुड़ेगा।

**मीरनगर से दिघवारा के लिए तैयार होगा एलायनमेंट** : पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस वे के लिए वैशाली के मीरनगर से सारण के दिघवारा तक फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अलग से एलायनमेंट बनेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार दिघवारा से पटना की संपर्कता को लेकर कोई परेशानी नहीं है। दिघवारा से शेरपुर के बीच पुल का निर्माण पहले से हो रहा। वहां से इसे पटना रिंग रोड से जोड़ने का भी निर्णय है। इस लिहाज से पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस वे को दानापुर से भी सीधी संपर्कता मिल रही।

**हाजीपुर–छपरा फोरलेन से जुड़ा है मीरनगर** : वैशाली के जिस मीरनगर से पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस वे आरंभ होना है, वह हाजीपुर–छपरा फोरलेन से जुड़ा है। यह सराय के समीप है। इस एलायनमेंट की परिधि में 11 आरओबी आ रहे तथा साथ में 21 मेगा ब्रिज का भी निर्माण कराया जाना है। एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 281 किमी है।

### तैयारी

- एलायनमेंट में अभी पटना का हिस्सा शामिल नहीं
- एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 281 किमी है



### जमीन अधिग्रहण का आकलन

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के संबंधित अधिकारी ने बताया कि जिस एलायनमेंट को मंजूरी मिली है उसके लिए जमीन अधिग्रहण किस तरह से कितने रकबे में होना है इसका अब आकलन किया जा रहा। जिन जिलों से यह सड़क गुजर रही उन सभी जगहों पर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया एक साथ आरंभ होगी। इसमें सारण, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा व पूर्णिया जिला शामिल है। एक्सप्रेस वे का निर्माण छह लेन में कराया जाना है।